बिट्स में तकनीकी महोत्सव अपोजी शुरू

भारत को विश्व गुरु बनाने में शिक्षण संस्थान अपनी भूमिका निभाएं

अपोजी का उद्घाटन करते अतिथि।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

पिलानी.बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस (बिट्स) में आयोजित 40 वें तकनीकी महोत्सव अपोजी का उद्घाटन गुरुवार देर शाम को हुआ। समारोह में रक्षा मंत्रालय के प्रमुख सचिव डा. अजय कुमार मुख्यअतिथि थे।उन्होंने अपोजी का शुभारंभ करते हुए युवाओं से देश के लिए समर्पित भाव रखने की अपील की तथा अपने जीवन के अनुभाव बांटे। इससे पहले उन्होंने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने में देश के शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। अजय कुमार ने भारतीय रक्षा अनुसंधान में युवाओं के स्टार्ट अप से मिले बल की सराहना की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिट्स संस्थान निदेशक डा.सुधीर कुमार बराई ने संस्थान से जुड़ी जानकारी दी। बिट्स स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष हर्ष शुक्ला, सचिव हर्ष लाम्बा,आयोजन समिति के प्रियांशु शुक्ला, दिव्यम सिंह चौहान,रिदम कुमार,विदूषी सहाय व श्रेया गुप्ता विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने दीप प्रजवलित कर अपोजी का शुभारंभ किया।संस्थान के स्टूडेंट यूनियन सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। दस अप्रेल तक चलने वाले अपोजी महोत्सव में देश भर के ख्यातनाम महाविद्यालयों तथा विश्व विद्यालयों से करीब एक हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। चार दिवसीय तकनीकी महोत्सव में, पेपर प्रजेंटेशन,रोबोट प्रतियोगिता,क्विज,तकनीकी विषयों पर सेमीनार सहित कई प्रकार की प्रतियोगिताएं होगी। उन्होंने बताया कि अपोजी में नासा में प्रोग्राम सांइटिस्ट डा. हेनरी थ्रप, स्पेशक्राफ्ट एण्ड ऑपरेशन इंजीनियर नागिन कॉक्स, पैराओलम्पिक में पदक विजेता दीपा मलिक, विश्वस्वास्थ्य संगठन में मुख्य वैज्ञानिक डा. सौम्या स्वामीनाथन के व्याख्यान होंगे। अपोजी में प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए हास्य कलाकार आकाश गुप्ता एवं प्रत्यूष चौबे का शो भी होगा।